Nor-136
Dt-7-9-2017

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 23-06-2017 को अपराह्न 4.15 बजे आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति, की बैठक का कार्यवृत्त । यह बैठक 'सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग' के सेमिनार कक्ष में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रो. कृतिबास रथ, प्राचार्य ने की । इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

1. प्रो. कृतिबास रथ, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. प्रीतीशआचार्य, अध्यक्ष, सा.वि.मा.शि.विभाग
3. प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य
4. सुश्री शुभ्रापादास, ग़ैर आवासी वार्डन, रामानुजन छात्रावास
5. श्री अखिलेश्वर मिश्र, प्रधानाध्यापक
6. श्री पंकज कुमार मिश्र, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (हिंदी)
7. श्री पुष्कर बेहेरा, प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी
8. श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना अनुभाग)
9. श्री सुशांत कुमार राउत, अनुभाग अधिकारी (परिसर एवं कल्याण अनुभाग)
10. श्री प्रदीप कुमार बेहेरा, भंडार अधिकारी

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया ।

अन्होंने पिछली तिमाही बैठक के उस प्रस्ताव का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि संस्थान में हिंदी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार का दिन निर्धारित किया जा सकता है जिसमें सभी लोग स्वेच्छा से हिंदी में बात करें ।

इस प्रस्ताव के अनुरूप कार्यालय द्वारा इस आशय का एक परिपत्र जारी किया गया और लोगों को प्रेरित करने के लिए इस आशय का निर्देश संस्थान के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित भी किया गया । पिछली बैठक के प्रस्ताव के अनुरूप 'डिस्पले बोर्ड' में हिंदी विचारों को दर्शाया गया ।

प्राचार्य महोदय ने प्रस्ताव रखा कि ई-गवर्नेंस के तहत संस्थान में फ़ाइल सूची-क्रम को हिंदी में बनाया जाए ।

सदस्यों को अवगत कराया गया कि परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा इस संस्थान में दिनांक 17-18 मई, 2017 को कर्मचा रियों हेतु दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गयी । इसके अतिरिक्त दि. 19-05-2017 को हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा संस्थान में हो रहे राजभाषा कार्य का निरीक्षण किया गया । उनके सुझाव के अनुरूप धारा 3/3 के तहत प्रयोग किये जाने वाले दस्तावेज़ द्विभाषी (हिंदी-अँग्रेज़ी) होने चाहिए और उनका प्रयोग भी होना चाहिए) ।

बैठक के अंत में, श्री प्रदीप बेहेरा ने सदस्यों को धन्यवाद किया ।

5/9/17

प्राचार्य

क्षे. शि. संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर

ज्ञापन सं.

1. 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' के सदयों को ।
2. प्राचार्य के निजी सहायक को ।
3. कार्यालय प्रति ।